प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. कई विभागों पर कांग्रेस की दावेदारी से हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा टला, अंतिम फैसला आज संभव।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के 299 आंदोलनकारियों की सूची को दी मंजूरी, हर महीने 3 हजार 500 रुपये मिलेगी पेंशन।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर चार माह में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का दिया आदेश।
4. यूजीसी ने यूजी और पीजी में साल में दो बार दाखिले को लेकर जारी की गाइडलाइन, एक साथ दो डिग्री लेने की भी व्यवस्था।

और

5. गोवा में आयोजित एशिया रॉ पावर लिफ्टिंग में रांची की पूनम ने जीते तीन स्वर्ण पदक, स्ट्रांग वुमेन ऑफ एशिया का भी खिताब।

*****************

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में कल विभागों का बंटवारा नहीं हो सका। सूत्रों के मुताबिक कई विभागों पर कांग्रेस की दावेदारी के कारण मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा टाल दिया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित एक पत्र वायरल हुआ है, जिसमें वित्त एवं खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य और संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास व पंचायती राज, कृषि, सहकारिता और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग कांग्रेस के मंत्रियों को देने का अनुरोध किया है। चर्चा है कि झामुमो और कांग्रेस के बीच कई विभागों का अदला–बदली की जा सकती है। विभाग बंटवारे को लेकर आज अंतिम फैसला हो सकता है।

*****************

इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। नए मंत्रिमंडल में कुल ग्यारह मंत्रियों को शामिल किया गया है। इनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के छह, कांग्रेस के चार और राष्ट्रीय जनता दल के एक मंत्री हैं। मंत्रिमंडल गठन के बाद श्री सोरेन ने कहा कि अब राज्य का विकास तेजी से होगा।

*****************

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि मंत्रिमंडल में झामुमो ने सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलनकारियों की 30वीं सूची को मंजूरी दे दी है। इसमें शामिल 144 आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को प्रति माह 3 हजार 500 रुपये पेंशन दी जायेगी। एक आंदोलनकारी या उनके आश्रित को सात हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। इसके अलावा 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। सभी को यह सुविधा 20 अप्रैल 2021 से मिलेगी।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के सभी रिक्त पदों को चार माह में भरने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति डा. एसएन पाठक की अदालत ने इससे संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए प्रार्थी, राज्य सरकार और झारखंड लोक सेवा आयोग का पक्ष सुना।

*****************

झारखंड में पोलियो मुक्त स्थिति को बनाये रखने के लिए उच्च जोखिम वाले सात जिलों में 8 दिसंबर से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। गिरिडीह जिले के सिविल सर्जन डॉ एस पी मिश्रा ने बताया कि 8 से 10 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में शून्य से 5 वर्ष के 4 लाख 91 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी।

*****************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग—यूजीसी ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में साल में दो बार दाखिले और कुछ अन्य बदलावों को लेकर गाईडलाईन जारी की। इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स में व्यापक सुधारों और एक साथ दो डिग्री लेने की व्यवस्था की गयी है। यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार यूजी और पीजी के लिए पात्रता को बदल दिया गया है। छात्र अपनी पिछली योग्यता से अलग किसी भी कार्यक्रम का चयन कर सकते हैं। वे वर्ष में दो बार नामांकन करा सकेंगे।

*****************

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से अवैध शराब से भरा एक ट्रक बरामद किया है। बरामद विदेशी शराब की कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है। उधर, कोडरमा जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र से भी पुलिस ने तीन वाहनो से 5 सौ 88 पेटी अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि जब्त शराब की कीमत 50 लाख रुपये आंकी गयी है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

*****************

गिरिडीह जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

*****************

गोवा में आयोजित एशिया रॉ पावर लिफ्टिंग में रांची की पूनम मिश्रा ने तीन स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसके साथ ही उन्होंने वुमैन ऑफ एशिया का खिताब भी जीता। रांची के नामकुम की रहने वाली पूनम ने चैंपियनशिप में लिफ्टिंग के साथ—साथ सिंगल बेंचप्रेस और सिंगल डेड लिफ्ट में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया। पूनम ने अब तक स्टेट, नेशनल, ईस्टर्न इंडिया और खेलो इंडिया में आठ गोल्ड, सात सिल्वर और एक ब्रांज मेडल हासिल किया है।

*****************

अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के विस्तार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– 11 मंत्रियों ने ली शपथ, पांच पहली बार बने मंत्री।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– हेमंत मंत्रिमंडल में छह नये चेहरे।

दैनिक भास्कर लिखता है– कैबिनेट में पांच नये चेहरे, संथाल से सबसे ज्यादा 4 मंत्री।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– हेमंत कैबिनेट में 11 विधायक बने मंत्री।

रांची एक्सप्रेस लिखा है– हेमंत मंत्रिपरिषद का विस्तार, 11 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने देवेन्द्र फडनवीस के महाराष्ट्र मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है जबकि द टाइम्स ऑफ इंडिया ने हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के विस्तार की खबर को पहने पन्ने की सुर्खी बनायी है।

*****************